दिनांक 11.07.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

14 जुलाई तक लगेगा पट्टा नवीनीकरण के लिए शिविर

भिलाईनगर/छ.ग. शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों के भूमिविहीन व्यक्ति जिन्हे अधिनियम 1984 के तहत् आवासीय पट्टा प्रदान किया गया था जिसकी 30 वर्षीय अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण किये जाने के हेतु 14 जुलाई तक निगम क्षेत्र में जोनवार प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाना है। नगरीय निकाय क्षेत्र में आबंटन किए गए 30 वर्ष के पट्टे की मियाद पूरी हो गई है, अब इन पट्टो का नवीनीकरण किये जाने हेतु राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर दुर्ग द्वारा जारी आदेश के परिपालन में आयुक्त एस.के. सुन्दरानी ने पट्टा नवीनीकरण शिविर लगाये जाने के लिए सम्पूर्ण निगम क्षेत्र को 4 ग्रुप में विभक्त कर शिविर के निर्देश जारी किये हैं। जिसके तहत् वार्ड क्रमांक 03 (पूराना वार्ड) जो सामुदायिक भवन वार्ड पार्षद कार्यालय कृष्णा नगर में शिविर दिनांक 12 जुलाई से 14 जुलाई जिसके प्राधिकृत अधिकारी श्रीमती प्रेमलता चंदेल डिप्टी कलेक्टर दुर्ग , नोडल अधिकारी तरूण पाल लहरे , जोन आयुक्त जोन 01, सहायक नोडल अधिकारी बालकृष्ण नायडू होंगे। पुराना वार्ड क्रमांक वैशालीनगर सांस्कृतिक भवन वार्ड क्रमांक 10 एवं छत्तीसगढ़ सदन शास्त्रीनगर वार्ड 18 भिलाई में शिविर दिनांक 12 जुलाई से 14 जुलाई तक होगा। जिसके प्राधिकृत अधिकारी सुश्री ज्योति पटेल डिप्टी कलेक्टर दुर्ग , नोडल अधिकारी एस.पी. साहू जोन आयुक्त जोन 02, सहायक नोडल अधिकारी संजय वर्मा होंगे। पुराना वार्ड क्रमांक शिविर स्थल का नाम चैता मैदान प्रेमनगर वार्ड क्रमांक 20 एवं बैकुंठधाम शिव मंदिर वार्ड क्रमांक 22 मैं शिविर दिनांक 12 जुलाई से 14 जुलाई तथा शारदापारा कुष्ठ बस्ती स्थित भवन में शिविर दिनांक 13 जुलाई को होगा। जिसके प्राधिकृत अधिकारी श्री अरुण कुमर वर्मा नजूल अधिकारी दुर्ग , नोडल अधिकारी डी.के. वर्मा जोन आयुक्त जोन 03, एस.पी. साहू जोन आयुक्त जोन क्रमांक 02, सहायक नोडल अधिकारी संजय वर्मा जोन क्रमांक 02 , परमेश्वर चंद्राकर जोन क्रमांक 03 होंगे। पुराना वार्ड क्रमांक अनुसार शिविर स्थल का नाम बस स्टैण्ड भवन पावर हाउस में शिविर दिनांक 12 जुलाई से 14 जुलाई होंगे। जिसके प्राधिकृत अधिकारी अतूल विश्वकर्मा डिप्टी कलेक्टर दुर्ग , नोडल अधिकारी संजय बागड़े जोन आयुक्त जोन 04, सहायक नोडल अधिकारी मलखान सिंह सोरी जोन क्रमांक 04 एवं परमेश्वर चंद्राकर जोन क्रमांक 03 होंगे। आयुक्त एस.के. सुन्दरानी ने बताया कि शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक चिन्हित स्थल पर लगाया जायेगा जहां प्रत्येक वार्ड के लिए अलग-अलग काउंटर स्थापित किए गए हैं जिसमें वार्डवार कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उन्होने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शिविर दिवस पर स्थल पर उपस्थित होकर अपने पट्टे का नवीनीकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त करें।

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!